जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/2014/9015 दिनांक 05/04/2014

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषय – परीक्षा शुल्क एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से जमा करने विषयक्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक – बी.ए./ बी.कॉम./बी.एससी./बी.एच.एससी. षष्ठ् सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरने की तिथि घोषित हो चुकी है, जिसका परीक्षा शुल्क एम.पी.ऑनलाइन द्वारा जमा किया जाना है।

ज्ञात हो कि पूर्व में ऑनलाइन प्रक्रिया के अंतर्गत परीक्षा आवेदन–पत्र प्रिन्ट करते ही परीक्षा फार्म एवं चालान फार्म प्रिन्ट होता था। **चूंकि परीक्षा फीस संबंधी प्रक्रिया में बदलाव किया गया है इसलिये वर्तमान में प्रिन्ट होने वाले परीक्षा फार्म के साथ चालान फार्म प्रिन्ट नहीं होगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा फार्म लेकर ही एम.पी.ऑनलाइन के अधिकृत कियोस्क सेन्टरों पर जाना होगा, जिसमें दर्शाये गये चालान नंबर से ही परीक्षा फीस जमा होगी।**

उल्लेखनीय है कि पूर्व में विश्वविद्यालय द्वारा जब परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरवाये जाते थे, जिसका परीक्षा शुल्क सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया तथा एम.पी. ऑनलाइन कियोस्क सेन्टरों के माध्यम से जमा किया जाता था। चूंकि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया ने परीक्षा शुल्क का चालान फार्म लेना बन्द कर दिया है, इसलिये परीक्षा शुल्क एम.पी.ऑनलाइन द्वारा जमा किया जायेगा।

अतः समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्यगण/ विभागाध्यक्ष/निदेशक को सूचित किया जाता है कि आगामी होने वाली परीक्षाओं का ''परीक्षा शुल्क'' एम.पी.ऑनलाइन के माध्यम से ही जमा किया जायेगा।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक,

प्रतिलिपि :–

1. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चंबल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
2. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
6. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

सहायक–कुलसचिव (परीक्षा)